# क्षमता से अधिक स्कूली बच्चों को बैठा रहे ऑटो चालक, जिम्मेदार मौन

**गाडरवारा, देशबन्धु।** बच्चे को बेहतर शिक्षा दिलवाने की होड़ में उनकी सुरक्षा की तरफ न तो पुलिस और न ही अभिभावकों और स्कूलों की ओर से ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बच्चों को स्कूल भेजने के लिए वाहनों की सुविधा देने के चक्कर में सभी उनके जीवन को खतरे में डाल देते हैं। नगर में भी कुछ ऐसा ही मंजर रोज देखने को मिलता है, जहां पर मारुती वैन, टाटा मैजिक, ऑटो में स्कूली बच्चों को ठूंस-ठूंस कर भरा जा रहा है। इनमें अधिकतर निजी वाहन हैं। ओवरलोडिंग पुलिस की नाक के नीचे हो रही है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होती।

बच्चों को स्कूल लाने और वापस घर छोड़ने के लिए लगाई अधिकतर वाहन निजी नंबर के हैं व उनका कोई टैक्सी परमिट भी नहीं है। ऐसे में सरकार को हर महीनों हजारों रुपयों का चुना भी लग रहा है। नगर में ही निजी नंबर के वाहन बच्चों को स्कूल लाने और ले जाने के काम में लगाए गए हैं। खास बात यह है कि अभिभावकों को भी यह जानकारी है कि उनका बेटा वाहन पर लटककर जाता है। इसके बाद भी वे ध्यान नहीं देते हैं।

**पुलिस और परिवहन विभाग नहीं करता कार्रवाई** - नगर में स्थित एक दर्जन स्कूलों में लगे 20 से ज्यादा स्कूल वाहनों पर क्षमता से अधिक बच्चों को बिठाया जाता है। इन वाहनों की कभी भी न तो पुलिस चैकिंग करती है और न ही परिवहन विभाग ध्यान दे रहा है। परिवहन विभाग तो वर्षों से नगर में दिखाई नहीं दिया। यही वजह है कि स्कूली वाहन संचालक मनमानी कर बच्चों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं।

**आठ सीटर गाड़ी में 15 से अधिक बच्चे बैठाते हैं** - स्कूल जाने और ले जाने के लिए लगाई गई वैनों में बच्चों की दशा देखकर किसी का भी मन



पसीज जाएगा। जिस वैन में आठ लोगों के बैठने की जगह है, उनमें पंद्रह से अधिक बच्चों को ठूंसा जाता है। साथ में उनके स्कूल बैग भी होते हैं, जिन्हें या तो गाड़ी के ऊपर रख देते हैं या बच्चों को हाथ में पकड़ कर बैठना पड़ता है। यह सब कुछ स्कूल प्रबंधन के सामने होता है, लेकिन शायद ही कभी किसी ने उन्हें रोकने का प्रयास किया हो। बच्चे स्कूल वाहनों के पीछे और दाएं व बांय लटककर जाते हैं।

**बच्चे कम तो रेट ज्यादा** - अभिभावकों की मानें तो उन्होंने इसे लेकर कई बार ऑटो के मालिकों से बात करने की कोशिश भी की, लेकिन वे इस स्थिति में किराया बढ़ाने की बात करते हैं। अब ऐसे में उनके पास कोई दूसरा विकल्प नहीं बचता है। जब बच्चे की सुविधा के लिए वैन में भीड़ कम करने को कहते हैं तो वे डबल किराए की मांग करते हैं।

**हाईकोर्ट के आदेश की अनदेखी** - हाईकोर्ट के सख्त आदेश हैं कि ऑटो में तीन वयस्क या पांच बच्चों से अधिक नहीं बैठाए जाएं, लेकिन शहर की हर सड़क पर इस आदेश की अवहलेना हो रही है। स्कूली बच्चों को ऑटो में लगभग ठूंस-ठूंस कर भरा जाता है। ऐसा भी नहीं है कि ये ऑटो सिर्फ शहर की तंग गलियों वाले रहवासी क्षेत्रों में ही चल रहे हों, ये तो धड़ल्ले से मुख्य मार्गों से होते हुए स्कूल तक पहुंचते हैं। इन मार्गों-चौराहों में यातायात सुरक्षा के नुमाइंदे सब देखने के बाद भी कार्यवाई करना तो दूर नसीहत या चेतावनी देने तक की जहमत नहीं उठाते। बच्चों को लाने ले जाने वाले ऑटो रिक्शा स्कूल छूटने के बाद आम सवारियों को ढोते हैं, इन्हें पुलिस कर्मियों की जानकारी रहती है और कर्मी इन ऑटो चालकों को मनमानी की छूट दिए हुए हैं।

**पुलिस की चुप्पी** - इधर बच्चों की हालत पर पुलिस को भी तरस नहीं आता। कुछ दिनों तक चालानी कार्रवाई के बाद एकदम से अधिकारी शांत बैठ जाते हैं। फिर बाद में यह देखने का प्रयास भी नहीं करते कि ऑटो पर कितने बच्चे बैठाए जा रहे हैं। यदि समय-समय पर कार्रवाई होती रहे तो ऑटो चालकों की मनमानी पर लगाम कस सकती है।

**अभिभावकों से छुपाते हैं** - इधर एक बात यह भी सामने आई है कि चालक अभिभावकों से आंखें बचाकर बच्चों को ऑटो में लादते हैं। सबसे पहले उस घर से शुरूआत करते हैं, जो दूर होता है और उन्हें ऑटो घर के सामने तक ले जाना पड़ता है। इस तरह माता-पिता की आंखों की सामने बच्चों को आराम से बैठा देते हैं। वहीं आखिरी के बच्चों के लिए ऐसे घर का चुनाव करते हैं, जहां ऑटो घर से थोड़ी दूरी पर खड़ा किया जाता है, ताकि अभिभावक यह देख ही न पाएं कि बच्चे किस अवस्था में बैठते हैं।



## मंत्री पटेल ने बरमान में नर्मदा नदी तट पर स्वच्छता के लिए किया श्रमदान

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** विश्व शौचालय दिवस पर जिले की ग्राम पंचायत बरमानकलां में प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने स्वच्छता के लिए श्रमदान किया। यहां स्वच्छता संवाद एवं स्वच्छता मित्र/ स्वच्छता कर्मियों का संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री पटेल ने कहा कि माँ नर्मदा हमारे ज़िले की जीवनरेखा है। हम सब उसे माँ का दर्जा देते हैं। हमारा भी फ़र्ज़ है कि हम उनका पुत्र/ पुत्री बनकर उनके साथ अच्छा बर्ताव करें। श्रद्धालु नर्मदा नदी में दूषित सामग्री या पूजन सामग्री को प्रवाहित न करें,ना ही नर्मदा नदी के तटों में कूड़ा करकट और अनुपयोगी सामग्री डालें।

## सार-समाचार

### श्री खाटूश्याम जी का सजा दिव्य दरबार, संकीर्तन में बही भक्ति रस की गंगा




**करेली, देशबन्धु।** हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा श्री खाटू श्याम जी का भव्यातिभव्य संकीर्तन ज्योत प्रज्वलन इत्र पुष्प वर्षा का आयोजन नगर के नर्मदा नगर स्थित राहुल जाट के निवास स्थान पर आयोजित हुआ। आयोजन मे रात्रि 8 बजे श्री श्याम ज्योत प्रज्वलित, पुष्प वर्षा, ज्योति दर्शन व छप्पन भोग बाबा को लगाये गये। नगर की गायिका श्याम लाड़ली यशी चौरसिया, महाकाल नगरी उज्जैन से पधारे गायक भास्कर पुरोहित ने अपने मुखारविंद से बाबा श्याम को समर्पित भजनों की प्रस्तुतियां दी। भव्य महाआरती रात्रि 12 बजे की गई। इस मौके पर श्री श्याम सेवा समिति के संजय जैन नेपाली, घनश्याम विश्वकर्मा, बृजेश चौरसिया, अमित जैन, अनुराग अग्रवाल, संजय सरोहा, मनोज जाट, अतुल जाट, सुनील अग्रवाल सहित नगर के श्याम प्रेमियों माताओं बहिनों की उपस्थिति रही।

### विद्युत पेंशनरों की बैठक आज

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश विद्युत मंडल पेंसनर संगठन नरसिंहपुर शाखा की आवश्यक बैठक 20- 11- 2024 को दोपहर 2:00 बजे से झरना पावर हाउस स्थित देवी जी के मंदिर में इंजीनियर अजय शर्मा रिटायर्ड सी ई.एवं इंजीनियर वीके जैन रिटायर्ड सी ई की उपस्थिति में संपन्न होने जा रही है सभी विद्युत प्रश्नों से बैठक में उपस्थित होकर समसामयिक समस्याओं पर चर्चा करने का अनुरोध नरसिंहपुर शाखा द्वारा किया जा रहा है । उक्त जानकारी गणेश कुमार चतुर्वेदी मध्य प्रदेश विद्युत मंडल संगठन नरसिंहपुर शाखा ने दी ।

### स्व. कर्नल मुशरान जयंती पर पुष्पांजलि सभा आज



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** म.प्र.शासन के पूर्व वित्त मंत्री स्व. कर्नल अजय नारायण मुशरान की जयंती के अवसर पर आज 20 नवम्बर को एम.आई.एम.टी. कालेज नरसिंहपुर द्वारा विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। प्रातः 10:30 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में स्व. कर्नल अजय नारायण मुशरान के समाधि स्थल पर प्रति वर्षानुसार पुष्पांजलि सभा का आयोजन किया जायेगा एवं एन.सी.सी. दल द्वारा सलामी दी जायेगी। इसके पश्चात दोपहर 12 बजे से एम.आई.एम.टी. कालेज में महाविद्यालय के मार्गदर्शक कर्नल अजय नारायण मुशरान को भावांजलि दी जायेगी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार गर्ग ने गणमान्य जनों से समस्त कार्यक्रमों में उपस्थिति की अपील की है।

### सिख युवा संगठन ने जागरुकता का संदेश देने वाले का किया सम्मान



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** लोग अपने लिए तो सब जीते हैं पर कुछ लोग ऐसे भी होते हैं जो सिर्फ दूसरों की चिंता भी करते हैं ऐसे ही एक पंजाब के रहने वाले हरभगवान सिंह है जिन्होंने 3 नवंबर से कश्मीर के लाल चौक से टीवी जैसी घातक बीमारी के खिलाफ जागरूकता अभियान की शुरुआत की और उनका आगमन 18 नवंबर को नरसिंहपुर नगर में हुआ जिनका अनेक जगह स्वागत किया गया । सिख युवा संगठन नरसिंहपुर द्वारा भी स्टेशन गुरुद्वारा मैं उनका सम्मान किया गया क्योंकि आज ऐसे बिरले लोग ही हैं। जो अपना घर बार छोड़कर ऐसे जागरूकता अभियान पर काम करते है। प्रतिदिन 100 किलोमीटर साइकिल चलाना आज के युग में तो बहुत ही कम लोग मिलेंगे, क्योंकि उनका दूसरा अभियान साइकिल चलाकर लोगों को स्वस्थ रखने का और प्रदूषण मुक्त का भी एक संदेश इसे लेकर सिख संगठन द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया,।

### शिक्षिका प्रभादेवी शर्मा का निधन



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** सेवानिवृत शिक्षक करेली साकेत नगर निवासी कमलकांत शर्मा मडेसुर वाले मासाब की धर्म पत्नी श्रीमति प्रभा देवी शर्मा उम्र 80 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया। वे इंजीनियर प्रशांत कुमार शर्मा,श्रीमति निशा शर्मा शिक्षिका की मां , सेवा निवृत शिक्षक दिनेश चतुर्वेदी की सासू की मां ,अरुण , श्रवण,अनिल शर्मा मडेसुर की चाची, अभिषेक ,अनिमेष चतुर्वेदी की नानी थी। उनका अंतिम संस्कार पैतृक गृह ग्राम मड़ेसुर में 20 नवंबर को सुबह 10 बजे किया जाएगा।

## ब्लॉक कांग्रेस ने स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी की जयंती मनाई



**गाडरवारा, देशबन्धु।** देश की पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी जी की जयंती अवसर पर स्थानीय झंडा चौक एवं पुरानी गल्ला मंडी मैं जब तक सूरज चांद रहेगा इंदिराजी का तेरा नाम रहेगा के गगन भेदी नारे लगाते हुए कांग्रेस जनो ने उन्हें याद करते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला।

देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी का जन्म 19 नवंबर 1917 उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद प्रयागराज मैं एक प्रतिष्ठित परिवार में हुआ था जिनका राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान रहा जो प्रियदर्शनी एवं आयरन लेडी के नाम से जाने जाने लगी उक्त अवसर पर श्रीमती सुनीता पटेल पूर्व विधायक ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री रही जिन्होंने बैंकों का राष्ट्रीयकरण कराया वे साहस वीरता और संघर्ष की प्रतिमूर्ति रही, एच व्ही रफीक ने कहा कि इंदिरा जी ने सातबां गुटनिरपेक्ष आंदोलन शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता की थी उन्हें आयरन लेडी के नाम से भी जाना जाता थाद्य वरिष्ठ नेता अशोक काबरा ,शिवकुमार नीखरा,कांग्रेस ब्लॉक कमेटी अध्यक्ष जिनेश जैन, बसंत तपा,अभिषेक कौरव,चांदनी दीक्षित एवं जय पाठक आदि ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी कुशल प्रशासक और दूरदर्शिता दृढ़ निश्चय तथा त्वरित निर्णय क्षमतावान राजनीतिक नेत्री रहीद्य कार्यक्रम में सुरेंद्र पटेल मंझले, उमा गुप्ता, केजी आजाद, विनोद ठाकुर, जगदीश चौरसिया, श्रीमती संगीता जायसवाल, जय पाठक, अशोक मंगलानी, संजीत राजपूत, आयुष जैन, मनीष कौरव,राजूभैया झाझंखेड़ा, प्रेम बिश्नोई, राकेश जयसवाल, राजदीप दुबे, कृष्णा साहू, कन्हैया श्रीवास, चंद्रशेखर अग्रवाल,बालमुकुंद अहिरवार, मधु साहू, निधि गुप्ता, एडवोकेट सत्यवती चौधरी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सतीश सैनी, अवधेश रूसिया ने किया एवं आभार अनिल साहू ने व्यक्त किया।

## राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में मप्र की बालक एवं बालिका वर्ग की टीमें क्वाटर फाइनल हारकर हुई बाहर

**गाडरवारा, देशबन्धु।** लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल और स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में 17 वर्षीय बालक/ बालिका आयु वर्ग में पांच दिवसीय 68 वीं राष्ट्रीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता अपने अंतिम दौर में हे। प्रतियोगिता के चौथे दिन मंगलवार को बालक एवं बालिकाओं की विभिन्न टीमों के मध्य खेले गए मेचों के उपरांत सेमीफाइनल मेचों की स्तिथि स्पष्ट हो गई हे। प्रतियोगिता के बालक वर्ग में प्रथम सेमीफाइनल हरियाणा व कर्नाटक एवं दूसरा सेमीफाइनल महाराष्ट्र व राजस्थान के मध्य खेला जायेगा। वही दूसरी ओर बालिका वर्ग में तमिलनाडु व उप्र एवं पंजाब व हरियाणा के मध्य सेमीफाइनल मैच समाचार लिखें जाने तक जारी थे। प्रतियोगिता में मप्र की उम्मीदों का करारा झटका उस समय लगा ज़ब क़्वाटर फाइनल में मप्र के बालक वर्ग की टीम महाराष्ट्र से 5 एवं बालिका वर्ग में मप्र की टीम पंजाब से कम अंतर से हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गई। इस प्रतियोगिता में मंगलवार को खेले गए मेचों के बारे मे प्रचार प्रसार समिति के सहप्रभारी मधुसूदन पटैल से मिली जानकारी के अनुसार बालक वर्ग के प्री क्वाटर फाइनल मैचों में हरियाणा ने हिमाचल प्रदेश को 41, गुजरात ने



उडीसा को 20, दिल्ली ने उप्र को 5, कर्नाटक ने छग को 12, मप्र ने पंजाब को 22, महाराष्ट्र ने बिहार को 16, केरल ने नवोदय को 26, राजस्थान ने केंद्रीय विद्यालय को 3, हरियाणा ने गुजरात को 31, कर्नाटक ने दिल्ली को 7, राजस्थान ने केरल को 32 अंकों के अंतर से हराया। इसी प्रकार बालिका वर्ग के प्री क़्वाटर फाइनल मैचों में तमिलनाडु ने झारखण्ड को 39, महाराष्ट्र ने राजस्थान को 1, बिहार ने गुजरात को 4, उप्र ने पश्चिम बंगाल को 36, पंजाब ने तेलंगाना को 24, मप्र ने उडीसा को 15,असम ने केरल को 35, हरियाणा ने हिमांचल प्रदेश को 38, तमिलनाडु ने महाराष्ट्र को 34, उप्र ने बिहार को 17 एवं हरियाणा ने असम को 29 अंकों के अंतर से हराया। जनप्रतिनिधियो, अधिकारी, कर्मचारियों, खिलाडियो, कोच, रेफरी, महिलाओ, युवा, छात्र छात्राओं और दूर- दराज से नागरिकों एवं समाजसेवी मुकेश बसेडिया व नगर के विभिन्न संघो के नागरिकों ने आकर मैचों का लुफ्त उठाया और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता के चौथे दिवस भारतीय टीम के पूर्व कोच बलवान सिंह, मप्र कबड्डी फेडरेशन के सचिव जे सी शर्मा, स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ़ इण्डिया से फील्ड आफिसर अजय सिंह चंदेल, एसएस राजपूत सहित समस्त आफिसियल्स एवं आयोजन समिति के तहत समन्वय समिति,आवास, भोजन, परिवहन, स्वागत, कंट्रोल रूम, पंजीयन प्रमाण पत्र समिति के सदस्यों का सहयोग निरंतर मिल रहा हे।

**कबड्डी प्रतियोगिता का समापन आज** - 20 नवंबर दिन बुधवार को सुबह 11:30 बजे से प्रतियोगिता का समापन कार्यक्रम रूद्र मैदान पर प्रदेश के खेल व युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग के मुख्य आतिथ्य, प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदयप्रताप सिंह की अध्यक्षता एवं पूर्व रास सांसद कैलाश सोनी, पूर्व विधायक साधना स्थापक, नरेश पाठक, नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित किया जायेगा। आयोजन समिति ने सभी से उपस्थिति की अपील की हे।

## विजयपुर उपचुनाव में हिंसक गतिविधियों और बाबा साहेब की प्रतिमा तोड़ने पर आक्रोश

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** विजयपुर उपचुनाव में हिंसक गतिविधियों एवं बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा तोड़ने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग को लेकर जिला कांग्रेस ने राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में उल्लेख किया है कि कि मध्यप्रदेश में विजयपुर विधानसभा का उपचुनाव में मतदान के दौरान भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं एवं असामाजिक तत्वों ने मिलकर अनुचित कार्य करते हुए मतदान को प्रभावित करने के साथ-साथ हिंसक घटनाओं को अंजाम दिया तथा रात में गोहटा गांव में बदमाशों ने दलित बस्ती में



### जिला कांग्रेस ने राज्यपाल के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

घुसकर तोड़फोड़ की तथा घरों में आगजनी की, उनकी फसलों में आग लगाकर नुकसान पहुंचा गया एवं गांव में स्थापित बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति को भी तोड़कर खंडित कर दिया। गोहटा गांव में आतंक के कारण भय का वातावरण इस तरह निर्मित हो गया था ग्रामीण थाने भी नहीं पहुंच सके। भाजपा प्रत्याशी रामनिवास रावत के पक्ष में मतदान कराने के लिए डराया धमकाया गया और हिंसा की गई। ज्ञापन देते समय जिला अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत, मनोहर लाल साहू , डॉ. संजीव चाँदोरकर, भगवत सिंह जाट, नीलू राय, वीरेंद्र पाठक, मदन महाराज संतोष शुक्ला, अनिल राय बुद्धि प्रकाश विश्वकर्मा, अस्सु नेमा, आशीष राजवैध, आनंद चौरसिया, राजेश तिवारी सुनील पाली राजा सिलावट काजल सोनेलाल पूर्व मिक्की राय, देवेंद्र प्रजापति, प्रभात तिवारी , विवेक पटेल, संजय राजपूत यासीन मनचला, याकूब खान, साज मोहम्मद, राजकुमार ठाकुर, राजू बैरागी, कमलेश प्रजापति, अरविंद चौबे, सुरेश ठाकुर, गौरव ताम्रकार, गब्बर नोरिया, राजू झरिया, बबलू खान, प्रतीक त्रिवेदी, राजू महाराज, दीपक दुबे, अरविंद कहार, सोहन रैकवार, राजीव मसीह, हरीश पांडे, एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमित गोलू राय सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु नरसिंहपुर की टीम चयनित

### राष्ट्रीय स्तर पर बेंगलुरु में भाग लेंगे विद्यार्थी

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** भारत विकास परिषद सेंट्रल रीजन द्वारा आयोजित क्षेत्रीय राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता स्थानीय पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम नरसिंहपुर में संपन्न हुई । प्रतियोगिता में सभी छह प्रान्तों महाकौशल प्रांत, दक्षिण प्रांत, उत्तर प्रांत, मध्य भारत प्रांत, विंध्य प्रान्त व छत्तीसगढ़ प्रांत के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। उक्त प्रतियोगिता में बच्चों द्वारा हिंदी गीत,संस्कृत गीत व लोकगीत विशुद्ध भारतीय संगीत वाद्य यंत्रों के माध्यम से बड़े ही मनमोहक ढंग से अपनी-अपनी प्रस्तुतियां दी गयीं.जिससे संपूर्ण सभागार देशभक्ति के भाव से सरावोर राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत हो गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद के संपर्क प्रमुख जुगराज धर द्विवेदी अध्यक्ष सेंट्रल रीजन के अध्यक्ष सुनील कोठारी विशिष्ट अतिथि सेंट्रल रीजन के महासचिव सुधीर अग्रवाल केंद्रीय पर्यवेक्षक भोपाल से पधारी श्रीमती साधना जैन, प्रांत अध्यक्ष संजय तिवारी उपस्थित रहे। समापन सत्र में अतिथि गणों में नगर पालिका अध्यक्ष पं. नीरज महाराज पुलिस अधीक्षक नरसिंगपुर मृगाखी डेका, इंजी. सरदार सिंह पटेल, रीजन सेक्रेटरी श्रीमती भारती कौरव रही। विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ राष्ट्रभक्ति के संस्कार उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाने के लिए बहुत जरूरी है। भारत विकास परिषद नरसिंहपुर के द्वारा





आयोजित राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्रीमती मृगाखी डेका ने उक्त विचार व्यक्त करते हुए सभी विद्यार्थियों की प्रस्तुति की सराहना की। उदघाटन अवसर पर जुगराजधर द्विवेदी ने सभी के लिए पांच निष्ठाओं पर काम करने की आवश्यकता पर बल दिया।

**ऐसे रहे परिणाम** - हिंदी गीत में प्रथम स्थान पर महाकौशल प्रांत की नरसिंहपुर की चाणक्य हायर सेकेंडरी स्कूल की टीम, द्वितीय स्थान पर दक्षिण प्रांत की इंदौर टीम, व तृतीय स्थान पर विंध्य प्रांत सतना की टीम संस्कृत गीत में प्रथम स्थान महाकौशल प्रांत चाणक्य हायर सेकेंडरी स्कूल नरसिंहपुर की टीम द्वितीय स्थान दक्षिण प्रांत इंदौर की टीम व तृतीय स्थान छत्तीसगढ़ प्रांत रायपुर की टीम व लोकगीत में प्रथम स्थान विंध्य प्रांत की सतना टीम द्वितीय छत्तीसगढ़ प्रांत की रायपुर टीम ने वह तृतीय पश्चिमी प्रांत देवास की टीम ने प्राप्त किया ।

## विकासखंड स्तरीय प्रदर्शनी मॉडल प्रतियोगिता संपन्न

**गाडरवारा, देशबन्धु।** बीते सोमवार विकासखंड चीचली के जनपद सभा हाल राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशों के परिपालन में विकासखंड स्तरीय राज्य विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान, पर्यावरण प्रतियोगिता सह मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विकासखंड स्तरीय इस प्रदर्शनी हेतु बीएसी अरुण दुबे को प्रभारी तथा सत्यम ताम्रकार को सहप्रभारी नियुक्त किया गया। विकासखंड स्तरीय इस प्रदर्शनी में आठ जन शिक्षा केंद्रो के विभिन्न विषयों में प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर चयनित विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता दी।

इस प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान विषय के 21, गणित के 19, भूगोल के 14, राजनीति के 7, पर्यावरण के 6 मॉडल बनाए गए। इन मॉडल के निर्णायक दल अंतर्गत अजय नामदेव, प्रमोद साहू, ललित पाराशर, विनोद सोनी, बुलंद कुशवाहा, हीरालाल अहिरवार छ-सदस्यीय निर्णायक मंडल ने विभिन्न आयामो यथा एकाग्रता, विषय प्रकरण, समयबद्धता, स्पष्टता, सरलीकरण, कम समय में अधिक जानकारी प्रदाय करना, एक से अधिक अवधारणाओं को समझाने में सहायक तथा मॉडल की बनावट अंतर्गत अपना निर्णय दिया।

इसी प्रकार सोलो सांग के अंतर्गत 14, सेमिनार के अंतर्गत 13 विद्यार्थियों के समूह ने अपनी प्रस्तुति दी। सोलो सांग एवम सेमिनार के अंतर्गत शिक्षिका ज्योति पगारे, आराधना चौहान, सुनीता सोनी, नीलम बम्होरिया, सुमित्रा विश्वकर्मा, अर्शिका ताम्रकार ने निर्णायक के रूप में अपनी सक्रिय सहभागिता दी। इन्होंने अभिनव संवाद, वेषभूषा, पात्रों का आपसी समन्वय, स्क्रिप्ट की प्रभावशीलता, हावभाव इत्यादि आयाम के अंतर्गत अपना निर्णय दिया।


**मार्केट वॉच गाडरवारा**

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल

Sara Group of Institutions

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए